तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 14 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 शहर के बीच स्थित करसू तालाब बना असामाजिक तत्वों का अड्डा



ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

शुरू हुई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, 27 को जारी किया गया था नोटिस

बांकी नहर को पाटकर माफियाओं ने किया अस्तित्व समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के दरिमा चौक से खरसिया चौक के समीप होकर गुजरने वाली बांकी नहर पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मंगलवार को कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम जल संसाधन विभाग के नहर से कब्जा हटाने पहुंची। लगभग 4 किमी की नहर पर 27 लोगों का कब्जा सामने आया है जिन्हें विभाग दवारा पूर्व में नोटिस जारी किया गया था लेकिन नोटिस देने के बाद भी लोगो ने अपना अवैध कब्जा नहीं हटाया। शाम तक विभाग द्वारा आठ अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। नहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद भारत माता चौक से दरिमा मोड़ के बीच जमा होने वाले बारिश के पानी की निकासी हेतु नहर का उपयोग करने की योजना बनाई गई है।

खास बात

- अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

बता दें कि बांकी सिंचाई परियोजना के तहत बनाए गए नहर अब पूर्ण रूप से अनुपयोगी हो चुके है। मुख्य नहर से निकलने वाले रूट कैनाल नम्बर एक और दो पर भू माफियाओं द्वारा कब्जा कर लिया गया। यह नहर दरिमा मोड़ से भाथुपारा तक जाती है। भू माफिया नहर को पाटकर जमीन की बिक्री कर चुके है। जल संसाधन विभाग के नहर को पाटने के बाद उसपर बड़ी बड़ी बिल्डिंग का निर्माण दरिमा चौक के समीप कराया गया है। इसके साथ ही नहर पर अहाता निर्माण, छोटे छोटे घरों का निर्माण कराया गया है। कई स्थानों पर नहर को पाटकर प्लाटिंग का कार्य भी किया गया है। भू माफियाओं ने नहर के अस्तित्व को ही समाप्त करने का प्रयास किया है। नहर को पाटने के काम में बड़े भू माफियाओं के साह ही राजनैतिक दल से जुड़े लोगो के नाम भी सामने आए है लेकिन अब इस मामले में जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग ने कार्रवाई की है। चार किलोमीटर लम्बे नहर में से पहले चरण में दरिमा चौक से खरसिया चौक तक लगभग दो किमी की नहर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण हटाए जाने और नहर का उपयोग बारिश के पानी की निकासी में करने के लिए कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया था जिसमें जल संसाधन विभाग, एनएच के साथ ही अन्य विभाग के अधिकारी शामिल थे। विभाग द्वारा जांच के बाद 27 लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया था।



अतिक्रमण हटाता जेसीबी।



नाप-जोख करते अधिकारी।

बुलडोजर से हटाया गया कब्जा

बांकी नहर पर किए गए कब्जे को हटाने के लिए नोटिस देने के बाद भी जब कब्जा धारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो मंगलवार को कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची थी। टीम ने नाप जोख व जांच के बाद अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया। इस दौरान अहाता, छोटे मकानों को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान मौके पर बड़ी मात्रा में निर्माण सामग्री भी जब्त की गई। माफियाओं द्वारा कब्जे के लिए गिट्टी, रेत व अन्य निर्माण सामग्री गिराई गई थी। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों को विरोध का भी सामना करना पड़ा। समाचार लिखे जाने तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी थी।

बड़े बड़े मकानों पर कार्रवाई बाकी

इस दौरान यह बात भी सामने आई कि दरिमा चौक के समीप नहर की जमीन पर बड़े बड़े लोगों द्वारा बिल्डिंग का निर्माण कराया गया है। अधिकारियों ने छोटे छोटे अतिक्रमण को तो हटा लिया लेकिन बड़ी बिल्डिंग को हटाने की कार्रवाई नहीं हो पाई है। अधिकारियों का कहना है कि भवनों को हटाने के लिए नोटिस दिया गया था और कलेक्टर के माध्यम से अतिक्रमण को लेकर फिलहाल प्रक्रिया चलने की बात कही जा रही है। ऐसे में अब देखना यह है कि पूरी नहर को कब तक कब्जा मुक्त कराया जाता है।

खरसिया रोड के पानी निकासी में होगा उपयोग

जल संसाधन विभाग का कहना है कि इस नहर का उपयोग खरसिया रोड में जमा होने वाले पानी के निकासी के लिए किया जाएगा। पहले भी नहर के माध्यम से पानी निकल जाता था लेकिन बाद में मकानों का निर्माण और कब्जा होने के कारण पानी जमाव की समस्या उत्पन्न होती गई और आज में भारत माता चौक से दरिमा मोड़ के बीच पानी निकासी सबसे बड़ी समस्या है। विभाग द्वारा नहर को कब्जा मुक्त कराने के बाद कच्ची नहर के साथ ही फिलहाल कच्ची नाली का चैनल तैयार कर पानी को पचफेड़ी होते हुए लुचकी नाला में मिलाया जाएगा। वहीं भविष्य में शासन से स्वीकृति मिलने के बाद पक्का निर्माण कराया जाएगा। इससे आने वाले वर्षों में जल जमाव की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी।

हटाया जा रहा है अतिक्रमण

नहर से कब्जा हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। हमने 27 अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया था। अतिक्रमण हटाने के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया था। नहर को अतिक्रमणमुक्त कराने के बाद इसका उपयोग भारत माता चौक से दरिमा मोड़ के बीच होने वाले जल जमाव की समस्या से मुक्ति के लिए किया जाएगा। पानी निकासी के लिए कार्य योजना बनाई गई है और शासन से स्वीकृति मिलने पर निर्माण कार्य भी कराए जाएंगे, इसके लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

-**अशोक निरंजन**, ईई, जल संसाधन विभाग

खबर संक्षेप

जनपद पंचायत अम्बिकापुर के सामान्य सभा की बैठक आज

अम्बिकापुर। जनपद पंचायत अंबिकापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि सामान्य सभा की बैठक 14 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने बैठक में सर्व सम्बन्धितों को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने कहा है।

सरगुजा में पेंशनधारकों के बनाए जाएंगे डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र

अम्बिकापुर। सरगुजा जिले में डाक विभाग के अंतर्गत इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा पेंशनधारकों के डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र (डीएलसी) बनाए जाएंगे। इसके लिए डाकघरों में मात्र 70 रूपए शुल्क निर्धारित किया गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि डाक विभाग द्वारा जिले के सभी गांवों, ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर आपका बैंक आपके द्वार के अंतर्गत शिविरों एवं अन्य माध्यमों से व्यापक स्तर पर पेंशनधारकों के डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। पेंशनधारक अपने नजदीकी डाकघर, पोस्टमैन अथवा ग्रामीण डाक सेवक से संपर्क कर डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र बनवा सकते हैं।

जन्म-मृत्यु के पुराने मामलों के पंजीयन हेतु नए नियम लागू

अम्बिकापुर। जन्म एवं मृत्यु का पंजीयन कराने में देरी होने पर अब निर्धारित नियमों के अनुसार प्रक्रिया पूरी करनी होगी। भारत सरकार द्वारा जन्म एवं मृत्यु पंजीयन अधिनियम, 1969 में संशोधन के बाद विलंब से प्राप्त होने वाली सूचनाओं के पंजीयन के लिए नए प्रावधान लागू किए गए हैं। इस संबंध में आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु), जिला सरगुजा द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। संशोधित प्रावधानों के अनुसार, जन्म या मृत्यु की घटना के एक वर्ष बाद, लेकिन दो वर्ष के भीतर पंजीयन के लिए सूचना दिए जाने पर डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट अथवा डिवीजनल मजिस्ट्रेट या डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के द्वारा प्राधिकृत कार्यकारी मजिस्ट्रेट के आदेश पर घटित स्थानों के रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) के द्वारा पंजीयन किया जाएगा। वहीं, जन्म या मृत्यु की घटना के दो वर्ष से अधिक समय बाद सूचना दिए जाने पर पंजीयन के लिए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर उस स्थान के रजिस्ट्रार द्वारा किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि उक्त नियमों के लिए भारत सरकार द्वारा जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 (संशोधित 2023) में संशोधन करते हुए रजिस्ट्रेशन ऑफ बर्थ एंड डेथ (संशोधन) अधिनियम 2026 अधिनियमित किया गया है। इस अधिनियम की धारा 13 में संशोधन करते हुए उपधारा (3) के स्थान पर नई उपधारा (3) तथा उपधारा (3ए) प्रतिस्थापित की गई हैं। इन संशोधनों का उद्देश्य विलंब से प्राप्त होने वाली जन्म-मृत्यु संबंधी सूचनाओं के पंजीयन की प्रक्रिया को निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप संचालित करना है।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
8

महिला, बाल विकास मंत्री एवं उनके दोनों निज सचिव का अज्ञात ठगों ने हैक किया मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रदेश की महिला, बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का अज्ञात ठगों ने वाट्सअप एकाउंट हैक कर लिया है। केबिनेट मंत्री ने इसकी सूचना खुद अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर दी है।

- मोबाइल में दर्ज कॉन्टैक्ट लिस्ट के लोगों को यूपीआई व क्यूआर कोड के माध्यम से मांगी जा रही रकम
- साइबर सेल में दर्ज कराई गई रिपोर्ट

मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि मेरा वाट्सअप एकाउंट हैक हो गया है, यदि मेरे एकाउंट से किसी भी व्यक्ति को पैसा मांगने का संदेश या कोई संदिग्ध लिंक प्राप्त होता है तो कृपया पैसे बिल्कुल न भेजें और न ही किसी लिंक पर क्लिक करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि घटना की सूचना साईबर थाने में दर्ज करा दी गई है। मंत्री ने सभी से सतर्क रहने सूचना को गंभीरता से लेने आह्वान करते हुए किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी होने से बचने की सलाह दी है। बताया गया कि मंत्री के निज सचिव ओमप्रकाश राजवाड़े एवं विकास सिन्हा का भी मंगलवार को साइबर ठगों द्वारा वाट्सअप एकाउंट हैक कर संपर्क सूची में शामिल लोगों से यूपीआई व क्यूआर कोड भेजकर लोगों से पैसे की मांग की जा रही है, ऐसे



ही एक मामले में एक व्यक्ति से मंत्री के नाम मैसेज भेजकर 32 हजार रुपये अर्जेन्ट कार्य बताकर मांगे जाने की जानकारी सामने आई है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और उनके दोनों निज सचिव का साइबर ठगों द्वारा वाट्सअप हैक कर लेने की घटना ने सूरजपुर पुलिस को भी अलर्ट कर दिया है, साईबर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अवैध रेत परिवहन, हाइवा को ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

सीतापुर। बारिश थमते ही क्षेत्र में सक्रिय रेत माफिया फिर से क्षेत्र की जीवनदायिनी मांड़ नदी का सीना छलनी करने लगे हैं। मांड़ नदी का जलस्तर घटते ही रेत माफिया नदी से रेत का खनन एवं परिवहन युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। दिन भर नदी से रेत खनन के बाद उसे एक निर्धारित जगह पर डंप किया जाता है जहां से रात को हाइवा के जरिये रेत बाहर ले जाकर खपाया जाता है। बीती रात को रेत माफिया नदी से अवैध रेत खनन के बाद उसे हाइवा में भरकर खपाने ले जा रहे थे तभी ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और रात को हो रही रेत तस्करी के बारे में पुलिस को सूचित कर दिया। पुलिस के आते तक ग्रामीणों ने हाइवा को रोके रखा था। मौके पर पुलिस के पहुंचते ही ग्रामीणों ने रेत भारी हाइवा पुलिस के हवाले कर दिया।

विदित हो कि बारिश के थमते ही रेत माफियाओं के सिंडिकेट मांड़ नदी का सीना



छलनी करने सक्रिय हो गए हैं।दिन भर नदी से रेत का अवैध खनन करने के बाद उसे एक निर्धारित जगह पर डंप करते है। पर्याप्त मात्रा में रेत डंप होने के बाद रेत माफिया हाइवा वाहन में भरकर उसे बाहर ले जाकर खपाते है। बीती रात को भी रेत माफिया हाइवा वाहन के जरिये अवैध रेत बाहर खपाने के प्रयास में लगे हुए थे लेकिन सजग ग्रामीणों ने रेत माफिया के प्रयासों पर पानी फेर दिया। देर रात रेत माफिया मांड़ नदी से अवैध रेत खनन के बाद उसे हाइवा में भरकर बाहर खपाने ले जा रहे थे तभी ग्रामीण मौके पर पहुँच गये और पुलिस को सूचित करते हुए हाइवा को रोक दिया। इस दौरान रेत परिवहन में लगे जेसीबी का चालक माहौल भांपते ही मौका देख जेसीबी मशीन लेकर भाग निकला। सूचना के बाद रात को मौके पर पुलिस के पहुँचते ही ग्रामीणों ने रेत लोड हाइवा पुलिस के हवाले कर दिया। जिसे जब्त करने के बाद पुलिस थाने लाकर खड़ी करा दी है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि रेत माफिया द्वारा बिना किसी अनुमति के ग्राम मुरता के खेल मैदान में बालू का भंडारण किया गया है। जहाँ से देर रात को हाइवा के जरिये बाहर ले जाकर खपाया जा रहा है। इस मामले में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि इस प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही होगी।

जिला स्तरीय रोजगार मेला आज 355 पदों पर होगी भर्ती

अम्बिकापुर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र अम्बिकापुर द्वारा 14 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न क्षेत्रों के निजी नियोजक तकनीकी एवं गैर-तकनीकी श्रेणी के लगभग 355 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लेंगे। उप संचालक रोजगार ने बताया कि सरगुजा संभाग के शिक्षित युवा इस रोजगार मेले में शामिल होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

साले ने टांगी से जानलेवा हमला कर जीजा को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

ग्राम सोयदा खुटनपारा में पुरानी रंजिश और झगड़ा विवाद से परेशान साले ने अपने ही जीजा को टांगी से वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

- जीजा शराब पीकर आए दिन करता था झगड़ा विवाद

पुलिस के मुताबिक ग्राम सोयदा खुटनपारा निवासी दोंदूराम (40 वर्ष) की पत्नी दूरपति बाई ने लखनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की 10 अक्टूबर को पति अपनी बेटी के घर गया था। 11 अक्टूबर को वापस आ गया। पत्नी ने उसे बताया कि बेटी के घर में विवाद के कारण उसे कुछ समय रुकना पड़ा था। 12 अक्टूबर की रात जब पत्नी दूरपति सो रही थी तभी बेटी सरस्वती शोर मचाने लगी। बेटी की आवाज सुनकर मां बाहर निकली तो उसके होश उड़ गए। पति दोंदूराम सड़क किनारे लहूलूहान हालत में मृत पड़ा हुआ था। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही



पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को अस्पताल के मरच्रयूरी खवाया गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने संदेही घुरसाय आ.बैजनाथ बसोड़ (48 वर्ष) से पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में पुरानी रंजिश और झगड़ा विवाद को लेकर हत्या किए जाने की बात सामने आई। आरोपी ने टांगी से चेहरे में वार कर हत्या करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर टांगी भी बरामद की है। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सुपुर्द किया। साथ ही आरोपी घूरसाए आ. बैजनाथ (48 वर्ष) के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

रसोइया पर फेंका गर्म खाना, गार्ड को किया कमरे में बंद

प्लेस ऑफ सेफ्टी से फरार हुए 6 अपचारी बालक, दो धराए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के बाल संप्रेषण गृह से अपचारी बालकों के भागने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर से शहर के प्लेस ऑफ सेफ्टी के अपचारी बालक फरार हो गए। इस बार अपचारी बालकों ने रसोईया पर गर्म खाना फेंका और गार्ड को कमरे में बंद कर दिया। प्लेस ऑफ सेफ्टी से कुल 6 अपचारी बालक फरार हुए थे जिनमें से दो को रात के समय ही पकड़ लिया गया जबकि चार की तलाश जारी है। फरार आरोपी 16 से 18 वर्ष के बीच की उम्र के हैं। आरोपियों पर मर्डर, चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठे रहे सवाल

शहर के बाल सम्प्रेक्षण गृह या फिर प्लेस ऑफ सेफ्टी दोनों ही स्थानों से अपचारी बालकों के भागने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। इसके पूर्व भी फरवरी माह में 15 अपचारी बालक गार्ड पर हमला करके फरार हुए थे, जिनमें पांच को पकड़ा गया था। जून में भी बाल संप्रेक्षण गृह से 11 अपचारी बालक खिड़की उखाड़कर फरार हुए थे, जिनमें से दो को बाद में वापस लाया गया था। जुलाई में भी 13 अपचारी बालक पुराना दरवाजा तोड़कर फरार हुए थे, जिनमें दो को पकड़ा गया था। इसके बाद प्लेस ऑफ सेफ्टी से तीन अपचारी बालक बालक टॉयलेट का रोशनदान तोड़कर फरार हो गये थे। इन घटनाओं से अपचारी बालकों को रखने वाले बाल संप्रेक्षण गृह और प्लेस ऑफ सेफ्टी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे है। घटनाओं के बाद पूर्व में ही कलेक्टर, एसपी ने संस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे लेकिन हैरानी के बाद भी आज भी इन संस्थाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है। पिछली घटनाओं के बाद भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है।

बताया जा रहा है कि सोमवार की रात 8.30 से 9 बजे के बीच प्लेस ऑफ सेफ्टी में अपचारी बालकों को खाना खाने के लिए बैरक से बाहर निकाला गया था। इस दौरान छह अपचारी बालकों ने योजनाबद्ध तरीके से रसोईया पर गर्म खाना फेंककर हंगामा खड़ा किया और फिर ड्यूटी में मौजूद गार्ड को कमरे में बंद कर दिया। हंगामे के बीच प्लेस ऑफ सेफ्टी से छह अपचारी बालक भाग निकले। प्लेस ऑफ सेफ्टी से छह बच्चों के फरार होने की सूचना पर हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और भागे हुए अपचारी बालकों की तलाश शुरू की गई। भागने के दौरान दो अपचारी बालक घायल हो गये। एक के पैरों में गंभीर चोटें आईं तो वह स्वयं लंगड़ाते हुए वापस आ गया। एक अन्य अपचारी बालक के गिरने से उसके सिर में चोटें आईं और वह ज्यादा दूर नहीं भाग सका। पुलिस ने उसे पकड़कर प्रबंधन के हवाले कर दिया है जबकि चार अन्य अपचारी बालकों की तलाश जारी है। पुलिस ने रात के समय ही रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं भागने के संभावित स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल पाई। पुलिस के अनुसार भागने वाले अपचारी बालकों के खिलाफ गंभीर अपराध दर्ज है।

खबर संक्षेप

जनदर्शन में सुनी गई नागरिकों की समस्याएं

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने भूमि एवं पट्टे, मुआवजा राशि, सड़क निर्माण, शैक्षणिक प्रमाण पत्र तथा निर्माण कार्यों से संबंधित शिकायतें और आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के माध्यम से नियमानुसार कार्रवाई कर समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

डिजिटल टोकन व क्यूआर कोड से मिलेगा खाद

मनेन्द्रगढ़। आगामी रबी सीजन 2026-27 में किसानों को सुगमता और पारदर्शिता के साथ उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा डिजिटल टोकन एवं क्यूआर कोड आधारित नई वितरण व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत किसानों को उनकी वास्तविक कृषि भूमि और बोई जाने वाली फसल के रकबे के आधार पर उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा। फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल (एफएफएस) सॉफ्टवेयर के माध्यम से संचालित इस व्यवस्था का उद्देश्य खाद वितरण में पारदर्शिता लाने के साथ कालाबाजारी, जमाखोरी और निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलने जैसी अनियमितताओं पर रोक लगाना है।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय पर करें निराकरण

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही सेवा सेतु, जनदर्शन और अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का भी निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सुघ्घर छत्तीसगढ़ पोर्टल में जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ श्किसान सम्मान निधिश के पंजीयन कार्य को गंभीरता से पूरा करने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जनपद पंचायत बैकुंठपुर और सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से स्वीकृत आवासों की प्रगति की जानकारी ली।

आदिशक्ति की पूजा-अर्चना का दौर जारी

तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की हुई पूजा-अर्चना, आज मां कुष्मांडा की आराधना करेंगे श्रद्धालु

नवरात्र पर मां दुर्गा की आराधना में डूबा बैकुंठपुर, पूजा पंडालों में बढ़ने लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



बैकुंठपुर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर सहित जिलेभर में आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा-अर्चना का दौर जारी है। सुबह और शाम होने वाली आरती में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

नवरात्र के शुरूआती दिनों में पूजा पंडालों में अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली, लेकिन अब धीरे-धीरे माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी है। नवरात्र के तीसरे दिन सोमवार को मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप का विधि-विधान से पूजन एवं श्रृंगार किया गया। वहीं चौथे दिन मंगलवार को मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना की जाएगी। नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र सुशोभित रहता है, जिसके कारण उन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। मान्यता है कि मां चंद्रघंटा की आराधना से भक्तों को साहस, वीरता और मानसिक शांति प्राप्त होती है। चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना कर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कुष्मांडा की उपासना से आरोग्य, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाती है।

अंतिम दिनों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

भव्य पूजा पंडालों में विराजीं मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। नवरात्र के अंतिम दिनों में पूजा पंडालों में सबसे अधिक भीड़ जुटने की संभावना है। खासकर सप्तमी, अष्टमी और नवमी के अवसर पर शहर के विभिन्न मार्गों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ जाती है। इस दौरान पूजा पंडालों के आसपास मेले जैसा माहौल देखने को मिलता है। श्रद्धालु माता के दर्शन, पूजा-अर्चना और आरती में शामिल होकर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हैं।

भव्य पंडालों में विराजीं मां दुर्गा

शहर के दर्जनों स्थानों पर मां दुर्गा एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भव्य और आकर्षक पंडालों में स्थापित की गई हैं। 11 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ नवरात्र पूजा की शुरूआत हुई थी। इसके बाद से विभिन्न पूजा समितियों द्वारा प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की जा रही है। आकर्षक सजावट और धार्मिक माहौल के बीच श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। इस वर्ष नवरात्र में गजकेसरी योग और माता के आगमन को लेकर भी श्रद्धालुओं में उत्साह है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नवरात्र का पर्व सुख-समृद्धि और मंगलकामना का प्रतीक माना जाता है।

वेतन विसंगति और पदोन्नति का निराकरण करने की मांग

पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के आह्वान पर कोरिया जिले के पटवारी 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। प्रेमाबाग मंदिर परिसर में पटवारी हड़ताल में बैठे हुए हैं।

पीव्ही एप की व्यावहारिक समस्याओं का निराकरण नहीं होने, पटवारियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई तथा अन्य लंबित मांगों को लेकर यह आंदोलन शुरू किया गया है। पटवारियों के हड़ताल पर जाने से राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने लगे हैं, जिससे आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजस्व पटवारी संघ ने अपनी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में पूर्व में उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर निराकरण की मांग की थी। संघ का कहना है कि अब तक समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण पटवारियों को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लेना पड़ा है।

पीव्ही एप की व्यावहारिक समस्याओं पर जताई नाराजगी

संघ की ओर से बताया गया है कि पटवारी डिजिटल कार्प, एग्रीस्टैक पंजीयन, किसान पंजीयन, बकेट क्लेम, जनगणना के प्रथम चरण, लघु सिंचाई संगणना और रेलवे सर्वे सहित विभिन्न कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कर रहे हैं। इसके बावजूद पीव्ही एप की व्यावहारिक एवं प्रतिकूल समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। संघ ने आरोप लगाया है कि एप के बहिष्कार के कारण कुछ जिलों में पटवारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है, जिसे लेकर उनमें नाराजगी है। पटवारी संघ ने लंबित वेतन विसंगति दूर करने और पदोन्नति से संबंधित मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने का मुद्दा भी उठाया है। संघ का कहना है कि इन समस्याओं के निराकरण के लिए पहले भी अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत कोरिया जिले के पटवारी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल हो गए हैं। मांगों का निराकरण होने तक आंदोलन जारी रहने की बात कही गई है।

लंबित मांगों को लेकर तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ का धरना

छत्तीसगढ़ तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ कोरिया ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 13 अक्टूबर से सांकेतिक धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। यह प्रदर्शन 14 अक्टूबर तक जिला स्तर पर जारी रहेगा। वहीं, 15 अक्टूबर को प्रदेशभर के तकनीकी सहायक राजधानी रायपुर में प्रदेशस्तरीय रैली निकालकर ज्ञापन सौंपेंगे। संघ का कहना है कि लंबे समय से मांगों के निराकरण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में नीतिगत निर्णय नहीं लिया गया है। संघ की ओर से जारी ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत कार्यरत तकनीकी सहायकों की लंबित मांगों को 12 अक्टूबर 2026 तक लागू करने के संबंध में पूर्व में हड़ताल की सूचना एवं ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बावजूद मांगों के संबंध में नीतियों का निर्धारण नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी है। इसी के विरोध में 13 एवं 14 अक्टूबर को जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन करने तथा 15 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में रैली निकालकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। संघ की प्रमुख मांगों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत विकसित भारत जी राम जी योजना में कार्यरत समस्त तकनीकी सहायकों के लिए नियमित पद सृजित कर उनका समायोजन करना शामिल है। इसके साथ ही नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी होने तक तकनीकी सहायकों की सेवा शर्तों के संबंध में पंचायत विभाग में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों की तर्ज पर स्थायीकरण नियमावली तत्काल लागू करने की मांग की गई है। तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ ने तकनीकी सहायकों का पदनाम परिवर्तित कर तकनीकी सहायक के स्थान पर कनिष्ठ अभियंता किए जाने की मांग भी उठाई है। संघ का कहना है कि कर्मचारियों की लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। इसी उद्देश्य से जिला स्तर पर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके बाद प्रदेशस्तरीय रैली के माध्यम से शासन का ध्यान मांगों की ओर आकर्षित कराया जाएगा।



बैकुंठपुर में सरगुजा ओलंपिक का आगाज

बैकुण्ठपुर। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव एवं खंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक नोडल अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दीपिका नेताम के निर्देशन में विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेल प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन 13 से 15 अक्टूबर तक मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में किया जा रहा है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। पहले दिन विभिन्न खेलों में लगभग 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश शिवहरे एवं पार्षद अनिल खटीक ने खेल अधिकारी, पीटीआई, जनपद पंचायत के नियोजित कर्मचारियों और खिलाड़ियों की उपस्थिति में किया।

वन कर्मचारी संघ ने डीएफओ को सौंपा ज्ञापन



छग वनकर्मचारी संघ जिला शाखा कोरिया के प्रतिनिधि मंडल एवं सदस्यों के द्वारा जिला अध्यक्ष माधव प्रसाद राजवाड़े के नेतृत्व में वनमंडल अधिकारी एवं उपनिदेशक गुरू घासीदास तामोर पिंगला टाइगर रिजर्व को विभाग द्वारा प्रस्तावित वन कार्यों में ठेका पद्धति एवं पुलिस विभाग की भर्ती स्थानांतरण नीति का विरोध के परिपेक्ष में ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन सौपने के दौरान जिला सचिव सुजीत लहरे, संभागीय उपाध्यक्ष विजय कंवर प्रांतीय सदस्य हेतराम बैगा, जिला महामंत्री प्रकाश सिंह, संभागीय मंत्री रामसाय राजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष ज्योति प्रकाश बखला, तहसील सचिव सोनहत राजेश राजवाड़े, सचिव राजू यादव, सदस्य रामसूरत, शंकर, दया प्रकाश, बालम अमन उपस्थित रहे। संगठन के द्वारा पूर्ण जोर विरोध किया गया और वन मंडल को इसके नुकसान से अवगत कराया। शासन द्वारा प्रस्ताव को निरस्त नहीं किया गया तो संघ हड़ताल के लिए बाध्य होगा।

ढाई दशक बाद भी शुरू नहीं हो सकी लॉ की पढ़ाई, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



जिला अधिवक्ता संघ ने बैकुण्ठपुर स्थित शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधि संकाय प्रारंभ करने की मांग उठाई है।

इस संबंध में संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर विधि संकाय शुरू करने के लिए आवश्यक प्रस्ताव सक्षम कार्यालय को भेजने की मांग की है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जिले में विधि की पढ़ाई की सुविधा नहीं होने से कानून के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों को दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कोरिया जिले के वनांचल क्षेत्र सोनहत, रामगढ़ एवं अन्य पहाड़ी इलाकों के विद्यार्थियों को विधि की पढ़ाई के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चरचा कॉलरी, कटकोना कॉलरी एवं पाण्डवपारा कॉलरी क्षेत्र सहित जिले के विभिन्न हिस्सों के विद्यार्थियों को कानून की शिक्षा प्राप्त करने के लिए करीब 90 किलोमीटर दूर अंबिकापुर जाना पड़ता है। ऐसे में बैकुण्ठपुर में विधि संकाय प्रारंभ होने से विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। ज्ञापन में उच्च शिक्षा संचालनालय, रायपुर के आयुक्त कार्यालय से जारी एक अक्टूबर 2026 के पत्र का हवाला देते हुए बताया गया है कि महाविद्यालय में विधि संकाय प्रारंभ करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 21 अक्टूबर तक यथाशीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। अधिवक्ता संघ ने विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय प्रबंधन से आवश्यक जानकारी एवं प्रस्ताव सक्षम कार्यालय को प्रेषित करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अधिवक्ता अनिल सिंह, महिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता मंजूषा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

अब तक शुरू नहीं हुई विधि की पढ़ाई

कोरिया जिले के गठन के बाद ढाई दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के महाविद्यालय में विधि की कक्षाएं प्रारंभ नहीं हो सकी हैं। इस दौरान छात्र संगठनों की ओर से भी कई बार स्थानीय महाविद्यालय में कानून की पढ़ाई शुरू करने की मांग उठाई गई, लेकिन अब तक इस दिशा में अपेक्षित पहल नहीं हो पाई है। स्थानीय स्तर पर विधि शिक्षा की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

आर्थिक परेशानी के कारण छूट जाती है पढ़ाई

जिले के ऐसे विद्यार्थी जो कानून के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं, उन्हें विधि की पढ़ाई के लिए अंबिकापुर या बिलासपुर जैसे शहरों में जाना पड़ता है। दूसरे शहरों में रहने, भोजन और पढ़ाई का खर्च उठाना कई परिवारों के लिए मुश्किल होता है। आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण कई विद्यार्थी इच्छा होने के बावजूद कानून की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जा पाते। ऐसे में बैकुण्ठपुर में विधि संकाय शुरू होने से जिले के विद्यार्थियों को राहत मिल सकती है और उन्हें अपने क्षेत्र में ही कानून की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सकेगा।

22 टन चोरी का कोयला बरामद, आरोपी गिरफ्तार

मनेन्द्रगढ़। जिले के थाना पोड़ी अंतर्गत पुलिस चौकी नागपुर क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से रखे गए



करीब 22 टन कोयले की चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के कोयले को परिवहन करने में प्रयुक्त महिंद्रा डीआई-275 ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 16 सीएन 3981 भी जब्त किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस चौकी नागपुर क्षेत्र में 4 सितंबर 2026 को लावारिस हालत में करीब 22 टन कोयला मिला था। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 10 हजार रुपये बताई गई। जांच के दौरान सामने आया कि उक्त कोयला ग्राम सेमरा (रायपारा) निवासी अंकित राय, पिता प्रकाश राय, उम्र 33 वर्ष द्वारा जंगल की ओर से चोरी कर लाकर रखा गया था।

मामले में थाना पोड़ी में अपराध क्रमांक 144/2026, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण दर्ज होने के बाद आरोपी अंकित राय फरार चल रहा था। उसकी तलाश के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की गई।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीना सिंह पत्नी श्री शिवजग सिंह, निवासी-ठनगनपारा, अम्बिकापुर थाना एवं तह-अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) खसरा नं.-2131/13 (Old 2131/4 me se) रकबा- 0.024 Aars विक्रय पत्र दिनांक- 22.08.1988 स्थित भूमि ग्राम- अम्बिकापुर प.ह.नं.-15, रा.नि.मं.-अम्बिकापुर-4, थाना एवं तह-अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) में स्थित है।

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस संपत्ति के माध्यम से श्रीमती मीना सिंह पत्नी श्री शिवजग सिंह भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा अम्बिकापुर में उक्त भूमि को बंधक रख गृह ऋण लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत की है तथा उक्त संपत्ति के मूल दस्तावेज दीनक द्वारा क्षतिग्रस्त की सूचना थाना में दी गई। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था को उक्त संपत्ति के संबंध में आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर मेरे पते- चोपड़ा पारा, काली मंदिर के पीछे, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) मो.नं.- 9424256925 में सूचित कर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

ध्यान दें इसके बाद ऊपर दर्शित संपत्ति के संबंध में इस घोषणा पर कि गई किसी भी आपत्ति को वैद्य नहीं माना जायेगा तथा भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा अम्बिकापुर पर बाध्यकारी नहीं होगी साथ ही भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा अम्बिकापुर द्वारा श्रीमती मीना सिंह पत्नी श्री शिवजग सिंह को ऋण की राशि जारी करने पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

भवदीय
मितेश सेलट
(अधिवक्ता, एस.बी.आई.)
निवासी-चोपड़ापारा काली मंदिर के पीछे
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
497001, मो.नं.- 9424256925

नाम परिवर्तन सूचना

मै नन्द कुमार आ.लखन राम उम्र-29 वर्ष निवास-पटोरा तहसील-धौरपुर जिला-सरगुजा छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरी पुत्री विद्या का जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ है मेरे पुत्री का जन्म जिला अस्पताल अम्बिकापुर में हुआ है। पुत्री की जन्म तिथि 20/05/2019 पंजीकरण संख्या 1677/34 है जो कि ऑफलाईन हुआ है। मेरा नाम अर्जुन दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर सही नाम नन्द कुमार दर्ज किया जावे। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र को ऑफलाईन से डिजिटल एवं ऑनलाइन करवाना चाहता हूँ।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
नन्द कुमार
आ.लखन राम
निवासी- पटोरा तहसील-धौरपुर जिला-सरगुजा छ.ग.

TOP IN SURGUJA
















खबर संक्षेप



पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हुई अभिभावक-शिक्षक बैठक

प्रेमनगर। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा करना तथा उनके सर्वांगीण विकास में अभिभावकों एवं शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करना था। बैठक में विद्यालय के प्राचार्य आरबी सिंह ने विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा प्रत्येक विद्यार्थी की प्रगति पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में विद्यालय और अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बैठक के दौरान विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अनुशासन, गृहकार्य की नियमित जांच, पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों को विशेष मार्गदर्शन प्रदान करने तथा विद्यार्थियों की मासिक शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही अभिभावकों को बच्चों के मोबाइल उपयोग पर निगरानी रखने, घर पर पढ़ाई के लिए उचित वातावरण उपलब्ध कराने और उनकी दैनिक दिनचर्या पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच नियमित संवाद बनाए रखने तथा आपसी समन्वय से विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों में सुधार लाने पर बल दिया गया।

बिना पिटपास के परिवहन करते चार टीपर वाहन जब्त

अम्बिकापुर। खनिज विभाग ने अवैध खनिज परिवहन के मामले में कार्रवाई करते हुए चार टीपर वाहनों को पकड़ा है। टीपर वाहनों में बिना पिट पास के ही परिवहन का कार्य चल रहा था। 11 अक्टूबर को खनिज विभाग ने अम्बिकापुर एवं धौरपुर क्षेत्र में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना अभिवहन पास खनिज परिवहन के चार मामले सामने आए, जिनमें चार टीपर वाहनों को जब्त किया गया है। कार्रवाई के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 29 एएच 8038 के मालिक शैलेश कुमार तथा सीजी 29 एजी 1247 के मालिक मनोज कुशवाहा के विरुद्ध अवैध खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया। दोनों वाहनों को कलेक्टर कार्यालय परिसर में रखा गया है। इसी प्रकार वाहन क्रमांक सीजी 15 ईजे 4223 के मालिक अतुल जायसवाल तथा सीजी 15 ईई 9671 के मालिक इन्द्रदेव गुप्ता के वाहनों पर भी बिना अभिवहन पास खनिज परिवहन करने के मामले में प्रकरण दर्ज कर उन्हें जब्त किया गया है। इन दोनों वाहनों को अग्रिम आदेश तक थाना धौरपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग के अनुसार खनिज परिवहन के इन मामलों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(4), 21(5) एवं 23 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के 22 जून 2026 को संशोधित नियम 71 के तहत कार्रवाई की जाएगी। संशोधित नियम 71(3) के अनुसार अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के मामलों में न्यूनतम 25 हजार रूपए का शमन शुल्क अथवा 2 हजार रूपए प्रति टन की दर से निर्धारित राशि जो भी अधिक हो, वसूल किए जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त संबंधित खनिज का बाजार मूल्य भी वसूल किया जाएगा।

रेलवे स्टेशन के समीप गंभीर हालत में पड़े युवक की मौत

अम्बिकापुर। लगभग 25 वर्षीय युवक 18 मई को



रेलवे स्टेशन के समीप गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। घटना की सूचना पर संजीवनी 108 से युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीमारी से पीड़ित युवक का अस्पताल में ही उपचार चल रहा था। लंबे समय तक चले उपचार के बाद युवक की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। मृतक के साथ परिजन के नहीं होने तथा युवक का पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव को अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में शिनाख्त के लिए रख दिया है।

फाइन स्टार को 52 रन से हरा कर ब्रदर्स 11 ने जीता टपरंगा प्रीमियर लीग

रायगढ़। ग्राम टपरंगा में पहली बार टपरंगा प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। फाइनल मुक़ाबला फाइन स्टार और ब्रदर 11 के बीच खेला गया। एकतरफा मुकाबले में 125 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइन स्टार की टीम सभी विकेट खोकर मात्र 72 रन बना सकी और 52 रनों के विशाल अंतर से फाइनल मुकाबला हार गई! फाइनल मैच और प्रतियोगिता के बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार ब्रदर्स 11 के दीपक गुप्ता को दिया गया। जिंदल पॉवर के जिंदल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता का शुभारम्भ 5 अक्टूबर को हुआ था, जिसमें 10 टीम शामिल हुई, इससे पहले 140 खिलाड़ियों की नीलामी आई पी एल के तर्ज़ पर हुई, खिलाड़ियों को विभिन्न फ्रेंचाइजी टीम के मालिकों ने ख़रीदा! प्रतियोगिता लीग आधार पर खेली गई। फाइनल मुकाबला सोमवार 12 अक्टूबर को खेला गया। फाइन स्टार के कप्तान आदी भगत ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। ब्रदर्स 11 के खिलाड़ियों ने धमाकेदार शुरुआत की और निर्धारित 10 ओवर में 124 रनो का पहाड़ खड़ा कर दिया! 12.5 रन प्रति ओवर की आस्किंग रेट से रन बनाने का दबाव फाइन स्टार के खिलाड़ियों पर शुरु से दिखाए एक भी बड़ी साझेदारी नहीं हुई। लिहाजा पूरी टीम 10 ओवर भी नहीं खेल सकी और 72 रन पर ऑल आउट हो गई।

सड़क सुरक्षा का संदेश लेकर दौड़ा सूरजपुर

मंत्री ने रैली में शामिल होकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और सुरक्षित यातायात का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं अपना हेल्प क्यूआर के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। मैराथन में लगभग 800 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मैराथन का शुभारंभ राजमोहनी माता चौक से प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री एवं महिला बाल विकास विभाग मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने स्वयं बाइक रैली में शामिल होकर नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चालन का संदेश दिया। मैराथन का समापन साधुराम सेवा कुंज में हुआ। इस दौरान रोड सेफ्टी मैराथन में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

खास बात

- मैराथन में लगभग 800 लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी



रैली में शामिल कैबिनेट मंत्री व अन्य।

कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं दुर्घटना की स्थिति में त्वरित सहायता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोड सेफ्टी अपना हेल्प क्यूआर के लोगो का शुभारंभ भी किया गया। इस पहल के माध्यम से तकनीक का उपयोग कर आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करते थे। उन्होंने युवाओं से कहा कि सुरक्षित यातायात की शुरुआत हमें स्वयं से करनी होगी। सड़क सुरक्षा के नियमों को केवल याद रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाना भी जरूरी है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति ली गई शपथ स्वयं के साथ दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं न केवल व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करती हैं, बल्कि पूरे परिवार को अनेक कठिनाइयों और संकटों का सामना करना पड़ता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहते हुए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना चाहिए। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल शपथ लेने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसका गंभीरता से पालन करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है।

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। सड़क दुर्घटना के बाद घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जाए, तो कई अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल 5 किलोमीटर की दौड़ नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति हमारी सामूहिक जागरूकता, जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, श्रीमती स्वाति सिंह, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, वनमण्डलाधिकारी विपुल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, नागरिक व मैराथन प्रतिभागी उपस्थित रहे।

आपातकाल में मददगार बनेगी डिजिटल पहल

अपना हेल्प क्यूआर जिले में इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ किया गया है। इस पहल के माध्यम से नागरिकों को एक ही क्यूआर कोड स्कैन करने पर अनेक महत्वपूर्ण सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस एवं पुलिस को कॉल करने, परिजन को सूचना पहुंचाने तथा गलत पार्किंग की स्थिति में वाहन मालिक को अलर्ट भेजने जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इस प्रणाली में उपयोगकर्ताओं की व्यक्तिगत जानकारी एवं पहचान की गोपनीयता का भी विशेष ध्यान रखा गया है।



प्रेमनगर महाविद्यालय में गूंजी जनकल्याणकारी योजनाओं की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लेते हुए केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं, उनके मुख्य उद्देश्यों और समाज के विकास में उनकी भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अभिव्यक्ति कौशल, मंच का डर दूर करना, तार्किक चिंतन, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के प्रति कर्तव्य बोध की भावना को विकसित करना था।

- भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी रेखा जायसवाल ने की, जबकि इसका सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक एवं सहायक प्राध्यापक हरिशंकर ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नयन सिरदार उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी बात रखी। सभी प्रतिभागियों की बेहतरीन प्रस्तुतियों के बीच निर्णायकों द्वारा घोषित परिणामों में प्रीति सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सुशील कुमार द्वितीय स्थान पर रहे तथा बेलमती ने तृतीय स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि श्रीमती नयन सिरदार ने कहा कि भाषण प्रतियोगिताएं युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने तथा अपनी बात प्रभावशाली ढंग से रखने की क्षमता विकसित करने का अच्छा माध्यम हैं। उन्होंने बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इस दौरान श्रीमती पूर्णा जायसवाल, महेंद्र कुमार यादव, श्रीमती किरण साहू, श्रीमती कंचन सिरदार, श्रीमती पुनिया राजवाड़े, गणेश सिरदार, सुखसाय रौतिया के अलावा रविशंकर उर्रे,हीरालाल सिंह, डॉ. संजय वर्मा, मनबोध कुजूर, डंकेश्वर बर्मन, जयशंकर, सोनाली किंडो, अन्नु सिंह राजपूत सहित अन्य मौजूद रहे।

मैनपाट में कल सजेगा तथास्तु संग डिस्को डांडिया सीजन-2 का रंगारंग मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नवरात्रि के उत्साह और उत्सव को यादगार बनाने के लिए मैनपाट में 15 अक्टूबर को तथास्तु संग डिस्को डांडिया सीजन-2 का भव्य आयोजन किया जाएगा। हैप्पी इवेंट्स, तथा स्तु हिल्स रिसॉर्ट और सानू टेंट हाउस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह रंगारंग कार्यक्रम तथास्तु हिल्स रिसॉर्ट, मैनपाट में शाम 6 बजे से शुरू होगा। आयोजन में पारंपरिक गरबा-डांडिया के साथ लाइव म्यूजिक, डांस, आधुनिक संगीत और मनोरंजन की विभिन्न प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। पिछले आयोजन को मिली सफलता के बाद इस बार कार्यक्रम को और भी भव्य स्वरूप दिया गया है। आयोजकों का उद्देश्य नवरात्रि के उल्लास को संगीत, नृत्य और पारिवारिक मनोरंजन के साथ एक यादगार उत्सव में बदलना है।

- गरबा-डांडिया, लाइव म्यूजिक, डीजे और डांस प्रतियोगिताओं से सजेगी शाम, विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार

तथास्तु संग डिस्को डांडिया सीजन-2' में संगीत और मनोरंजन का विशेष संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में रंग-राग लाइव बैंड अपनी संगीतमय प्रस्तुति देगा, वहीं डीजे हर्ष अपनी धुनों से प्रतिभागियों और दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेंगे। इसके साथ ही दादा 22_11 के साथ आधुनिक रैप का रंग भी देखने को मिलेगा। कार्यक्रम का एक अन्य विशेष आकर्षण छत्तीसगढ़ी सिनेमा (छॉलीवुड), बॉलीवुड और भोजपुरी जगत से जुड़े कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। रामायण के कलाकार विवेक चंद्रा भी आयोजन में विशेष आकर्षण रहेंगे। कार्यक्रम की मेजबानी और मनोरंजन की जिम्मेदारी मॉमिता गांगुली संभालेंगी, जो अपनी प्रस्तुति से शाम को और भी मनोरंजक बनाएंगी। आयोजन में मनोरंजन के साथ प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलेगा। इसके लिए बेस्ट कपल, बेस्ट डांस ग्रुप और बेस्ट ड्रेस एंड कॉस्ट्यूम जैसी आकर्षक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मनोरंजन के साथ खानपान की भी विशेष व्यवस्था रहेगी। इसके लिए फेस्टिव फूड एवं बेवरेज काउंटर लगाए जाएंगे। आयोजन के टाइटल स्पॉन्सर डॉ. डी.के. सोनी हैं, जबकि डीपीएस स्कूल, अंबिकापुर स्पॉन्सर्ड बाय के रूप में जुड़ा है। तथास्तु हिल्स रिसॉर्ट आयोजन का वेन्यू पार्टनर है।

21 प्रकरणों में वसूला 39 हजार 200 रुपए

यातायात पुलिस की सख्ती, नो एंट्री पर वाहन दौड़ने वाले 15 चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने एवं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी विमलेश देवांगन के नेतृत्व मे यातायात विभाग द्वारा रामानुजगंज में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

इस दौरान नो-एंट्री में वाहन प्रवेश करने के 15 प्रकरणों सहित कुल 21 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 39 हजार 200 रुपए का शमन शुल्क लगाया गया। यातायात विभाग द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित मार्ग एवं यातायात संकेतों का सम्मान करने तथा सड़क पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की समझाइश भी दी गई। यातायात विभाग ने वाहन चालकों से नो-एंट्री एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन न की सलाह दी।



पिता ने पैसा नहीं दिया तो पुत्र ने पी लिया जहर, मौत

अम्बिकापुर। पिता द्वारा पैसा नहीं देने तथा दूसरे से पैसा दिलवाने से नाराज हुए पुत्र ने कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार चंदोरा थाना अंतर्गत ग्राम चिकनी निवासी कृष्णा सिंह आ. दयाराम (28 वर्ष) सोमवार को शराब पीकर घर आया ओर पिता से 5 हजार रूपए की मांग की। पिता ने कैश नहीं होने तथा मोबाइल में पैसा होने की बात कही तभी पुत्र संतोष आ गया। संतोष को देख पिता ने कृष्णा को पैसा देने की बात कही तो कृष्णा नाराज होकर घर से चला गया। इसी बीच पिता भी ड्यूटी चला गया। दोपहर को परिजन ने बताया कि कृष्णा ने कीटनाशक पी लिया है और उसे अस्पताल ले जाने की बात कही। परिजन युवक को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

कुंवरपुर में दस दिवसीय मछुआ प्रशिक्षण में आधुनिक मत्स्य पालन की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

विकासखंड लखनपुर अंतर्गत ग्राम कुंवरपुर में मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित दस दिवसीय विभागीय मछुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मछुआरों को आधुनिक मत्स्य पालन की तकनीकों, शासन की विभिन्न योजनाओं तथा स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान मत्स्य निरीक्षक शुभम साहू ने मछुआ प्रशिक्षणार्थियों को आधुनिक मत्स्य पालन की विधियों, मछली उत्पादन बढ़ाने के उपायों तथा मत्स्य पालन के



क्षेत्र में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मछुआरों को मत्स्य पालन को आय एवं स्वरोजगार का बेहतर साधन बनाने के लिए विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के प्रति जागरूक किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम से मछुआरों को मत्स्य पालन की नई तकनीकों को समझने और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शशिकला सिंह उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कुन्नी मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, मंडल मंत्री छोटेलाल मिंज, मोती राम एवं लालसाय शामिल हुए। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में मछुआ प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

सड़क-नाली की समस्या को लेकर पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

अंबिकापुर। वार्ड में सड़क, नाली निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस पार्षद बाबर इदरिसी ने ननि आयुक्त से मुलाकात की। पार्षद ने वार्डवासियों के साथ आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। पार्षद बाबर ने बताया कि नवागढ़ वार्ड में विगत कई वर्षों से सड़क बदहाल स्थिति में है जबकि कई स्थानों पर नालियों का निर्माण ही नहीं हुआ है। कई स्थानों पर नालियां बजबजा रही है। उन्होंने बताया कि घुटरापारा हुसैनी नगर, महामाया पारा में आज तक नाली का निर्माण नहीं हुआ है। उन्होंने इन्डियन पब्लिक स्कूल से लेकर अमृत विश्वकर्मा के घर तक, महामाया पारा में दो सौ मीटर, टाइल्स मिस्त्री कालोनी में दो सौं मित्र, अटल चौक के पास चार सौ मीटर नाली का निर्माण कराया जाना है। पार्षद व वार्ड वासियों की मांग पर ननि आयुक्त ने 15 दिवस के भीतर निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। पार्षद ने निर्धारित समय में नाली निर्माण नहीं होने पर चक्का जाम, निगम घेराव की चेतावनी दी है। इस दौरान सरीफ खान, युसूफ अंसारी, साजिद, मुर्तजा, बबल शर्मा, असरफ, मुना, वसीम सहित अन्य मौजूद थे।



बिहारपुर वन परिक्षेत्र में छिंद तस्करी, ग्रामीणों ने पकड़ा पिकअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

सुदूर वनांचल बिहारपुर वन परिक्षेत्र और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से लगे सीमावर्ती जंगलों में छिन्द की अवैध कटाई और तस्करी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जंगलों में बेश कीमती छिन्द प्रजाति की कटाई कर परिवहन किया जा रहा है। महुली चौक के पास ग्रामीणों ने छिन्द से लदा एक संदिग्ध पिकअप पकड़कर वन विभाग के हवाले की और कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों के मुताबिक जंगलों में छिन्द पेड़ों की कटाई कर परिवहन का सिलसिला लंबे समय से जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद वन विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का दावा है कि पकड़ा गया पिकअप को वन विभाग के कार्यालय ले जाने के बाद कुछ ही घंटों में छोड़ दिया गया, जिससे विभागीय कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे



हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रतापपुर क्षेत्र के कुछ छिन्द तस्कर जंगलों में सक्रिय हैं और रात के समय छिन्द की कटाई कर छिन्द को दूसरे क्षेत्रों में ले जाया जाता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, छिन्द के अवैध परिवहन पर रोक लगाने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

बच्चों ने खेल-खेल में सीखा गणित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

लुर्गी संकुल की सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के बच्चों की सहभागिता से आनंदमय गणित मेले का आयोजन किया गया। मेले में लगभग 300 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

गणित मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों में गणित के प्रति रुचि विकसित करना तथा खेल गतिविधियों और टीएलएम के प्रयोग के माध्यम से गणितीय अवधारणाओं को सरल एवं सहज बनाना था। मेले में संख्या-पूर्व अवधारणाएं, संख्या की समझ, स्थानीय मान, जोड़ एवं घटाव, इबारती सवाल जैसी महत्वपूर्ण गणितीय अवधारणाओं पर आधारित गतिविधियां शामिल की गईं। बच्चों और शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया, जिसके माध्यम से बच्चों ने गणित को करके सीखने और अपनी समझ को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त किया। नई शिक्षा नीति 2020 में सुझाए गए गतिविधि-आधारित, अनुभवात्मक एवं आनंदमय शिक्षण के तरीकों को अपनाते हुए विकासखंड स्तर पर बच्चों की गणितीय समझ विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दिशा में विकासखंड एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से समय-समय पर शिक्षकों के उन्मुखीकरण एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा है। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव गणित मेले में देखने को मिला,



जहां शिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न गणितीय अवधारणाओं को समझाने के लिए गतिविधियों और शिक्षण-अधिगम सामग्री का उपयोग किया। इस दौरान सरपंच सुषमा मिंज, विकास खंड शिक्षा अधिकारी संजू कनौजिया, विकासखंड समन्वयक सुरेश सिंह, संकुल प्राचार्य मूलधाराम, विक्रांत सिंह, संजय प्रजापति, देव प्रसाद गुप्ता, दिव्या प्रसाद गुप्ता, गिरजा नन्द पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

सब-जूनियर कैडेट जूडो प्रतियोगिता में आर्यन ने जीता कांस्य पदक

बिश्रामपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वावधान में 9 एवं 10 अक्टूबर को बिलासपुर में 26वीं सब-जूनियर कैडेट जूडो प्रतियोगिता का



आयोजन किया गया, प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 250 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया, प्रतियोगिता में एक्सेलेंस जूडो क्लब, बिश्रामपुर के प्रशिक्षक एमडी अयान के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों ने भी सहभागिता की,उक्त प्रतियोगिता में क्लब के खिलाड़ी आर्यन नायक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है, वहीं अर्चित सिंह,अभिषेक शाह एवं लक्ष्य थापा ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया, कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे,उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया, आर्यन नायक एवं सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर सूरजपुर जिला जूडो संघ के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने शुभकामनाएं दीं।कोच एमडी अयान ने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि उनके निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत का परिणाम है।

रामानुजगंज में सामूहिक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ 16 को

रामानुजगंज। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के मध्य बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में 16 अक्टूबर को ज्योत प्रज्वलन, भजन-कीर्तन, सामूहिक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से आने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के पश्चात भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। प्राचीन हनुमान मंदिर समिति, मध्य बाजार की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान ज्योत प्रज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद भजन-कीर्तन, सामूहिक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बनाया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार 16 अक्टूबर की शाम 5 बजे से ज्योत, भजन, सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। रात्रि 8 बजे से भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति ने नगर वासियों एवं आसपास के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह किया है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि यदि संभव हो तो वे अपने साथ एक प्लेट में दीपक, चावल, रोली, चंदन एवं पुष्प लेकर आएं। सुंदरकांड पाठ के लिए पुस्तक की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की जाएगी, जिससे श्रद्धालु सामूहिक रूप से पाठ में शामिल हो सकेंगे।

ओबीसी समाज का 15 अक्टूबर को होने वाला आंदोलन स्थगित

रामानुजनगर। जनगणना 2027 में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पृथक कॉलम जोड़ने तथा जातिवार एवं उपजातिवार गणना सुनिश्चित करने की मांग को लेकर 15 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन, विशाल रैली एवं कलेक्ट्रेट परिसर घेराव कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इसकी जानकारी सर्व ओबीसी महासभा के प्रांतीय महामंत्री नरेश राजवाड़े ने दी है। जारी सूचना के अनुसार शारदीय नवरात्रि एवं विजयादशमी उत्सव को ध्यान में रखते हुए समाज के वरिष्ठ जनों, पदाधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद कार्यक्रम स्थगित करने का सामूहिक निर्णय लिया गया है।

बच्चों से खुलकर संवाद करने का दिया संदेश

मनेन्द्रगढ़। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले में 10 से 16 अक्टूबर 2026 तक संचालित मन जागृति अभियान के तहत मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड भरतपुर के बहरासी, जमथान एवं बरेल तथा विकासखंड खड़गवां के मेंडा स्थित विद्यालयों में स्कूली बच्चों के लिए इमोजी से मन की बात गतिविधि आयोजित की गई।

शाम ढलते ही तालाब किनारे करते है नशाखोरी

शहर के बीच स्थित करसू तालाब बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगत द्वारा शहर की सुन्दरता बढ़ाने के लिए न सिर्फ प्रयासरत है बल्कि विभिन्न योजनाओं के तहत शहर को सुन्दर बनाने के लिए कार्य करा रही है। जिसमें से एक शहर के तालाबों का सौंदर्यीकरण भी शामिल है। पिछले कुछ साल के भीतर ही अधिकांश तालाबों का सौंदर्यीकरण हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि तालाबों के सौंदर्यीकरण के बाद अब न सिर्फ असामाजिक तत्व ने तालाब को अपना अड्डा बना लिया है बल्कि नशाखोरी करने के बाद तालाब में किए गए सौंदर्यीकरण सामान को नुकसान पहुंचाने में लगे हुए है। कुछ इस तरह की स्थिति शहर के बीच स्थित करसू तालाब की है जहां शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है जो खुलेआम नशाखोरी करते है। तालाब के आसपास असामाजिक तत्वों के मौजूद होने से मोहल्ले के लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

शहर में लगभग 20 से अधिक तालाब है और लगभग अधिकांश तालाबों का सौंदर्यीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है जिसमें शहर के बीच करसु तालाब भी शामिल है। नगर निगम द्वारा तालाब के संरक्षण तथा आसपास के लोग तालाब के पानी का निस्तारण के लिए उपयोग कर सके इसके लिए साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण किया है। तालाब की सुन्दरता बढाने तथा मोहल्ले के लोग सुबह शाम तालाब के समीप बैठ सके इसके लिए लाइट, लोहे की कुर्सी की व्यवस्था की गई थी। सौंदर्यीकरण से न सिर्फ तालाब का अस्तित्व बदला बल्कि मोहल्ले की भी रौनक बढ़ गई है। लगभग दो साल पूर्व ही शहर के बीच करसु तालाब का लाखों खर्च कर सौंदर्यीकरण किया गया परंतु क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्व डूब लाईट सहित पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया। यहां तक की तालाब की सुरक्षा के लिए लगाए गए लोहे की रेलिंग को कुछ जगह से काट कर ले गए। हालांकि पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गश्त करने से काफी हद तक असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगा था लेकिन पुलिस की नियमित गश्त नहीं होने से एक बार फिर शहर के बीच करसू तालाब को असामाजिक तत्वों ने अपना अड्डा बना लिया है। शाम ढलते ही न सिर्फ तालाब के समीप असामाजिक तत्व एकत्र हो जाते है बल्कि खुले आम नशा खोरी करते है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि पहले शाम के समय मोहल्ले की महिलाएं, बच्चे तालाब के पास टहलने जाते थे लेकिन असामाजिक तत्वों के मौजूद होने तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करने से महिलाएं व युवती अब तालाब के आसपास जाना मुनासिब नहीं समझते।

खास बातें

- नशेड़ियों के जमावड़ा होने से मोहल्ले वासियों की बढ़ी परेशानी
- मोहल्ले के लोगों ने की कार्रवाई की मांग



करसू तालाब किनारे नशा करते युवकों का जमावड़ा।

हर तरह की करते है नशा

हर शाम जिस तालाब के किनारे लोगों की भीड़ लगती थी वहीं अब तालाब की दुर्दशा की वजह से लोगों की भीड़ तो गायब हो गई है। शहर के करसु तालाब सहित अन्य तालाब ऐसे है जहां शाम ढलते ही नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है। जहां बड़ी संख्या में असमाजिक तत्वों एकत्र होकर देर रात तक तालाब के आसपास मंडराने के साथ ही उत्पात मचाने लगते है। जिस कारण नशे का गढ़ माने जाने वाले मोहल्ले में जोड़ा तालाब, ब्रम्हपारा, सत्ती पारा का यह क्षेत्र भी पुलिस की डायरी में अंकित है।

पहुंचा रहे नुकसान

शहर के जिन तालाबों का सौंदर्यीकरण हुआ है उन तालाबों में कुछ साल पूर्व ही लोगों के बैठने के लिए लोहे की कुर्सी सहित रौशनी के लिए लाइट की व्यवस्था की गई थी। परंतु असामाजिक तत्वों ने न सिर्फ लाइट को तोड़ फोड़ कर नुकसान पहुंचा बल्कि कई तालाबों से लोगों के लिए बैठने के लिए लगाए गए लोहे के बेंच को पार कर दिया। शाम ढलने के बाद पूर्व में करसू तालाब डूम लाइट के रोशनी से जगमगाता था वहीं अब शाम होते ही तालाब के आसपास अंधेरा परस जाता है जिसका फायदा उठाकर नशेड़ी खुलेआम नशाखोरी करते है।

करेंगे पुलिस अधीक्षक से शिकायत

मोहल्ले के लोगों ने करसु तालाब में नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि करसू तालाब के समीप खुलेआम नशा खोरी करने से इसका विपरीत असर बच्चों पर पड़ता है। शाम के समय कई महिलाएं व युवती तालाब के समीप घूमने जाते थे लेकिन अब जाना छोड़ दिया है। जल्द ही असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से शिकायत करेंगे।

सरगुजा की अंडर-19 टीम कवर्धा में खेलेगी पहला मैच, टीम रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिला क्रिकेट संघ की अंडर-19 टीम के लिए 17 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित टीम अंबिकापुर से कवर्धा रवाना हो गई। 14 अक्टूबर को टीम अपना पहला मैच खेलेगी। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर-जिला प्रतियोगिताओं में जिला टीमों को राज्य टीम तक पहुंचने का मौका मिलता है।

सरगुजा संघ के अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने बताया कि जिले के युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर अपना प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, टीम भावना और मेहनत के साथ खेलने की बात कही। संघ के अनुसार चयन प्रक्रिया में जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। अंडर-19 स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे राज्य स्तरीय कैंप और टीम में जगह का रास्ता भी मिल सकता है। 14 अक्टूबर को कवर्धा में होने वाले पहले मुकाबले में सरगुजा की टीम से जिले के क्रिकेट प्रेमियों को बड़ी उम्मीदें हैं। टीम में स्पर्श सिंह भामरा को कप्तान और त्रिंबकेश्वर प्रताप सिंह को उपकप्तान बनाया गया है। टीम में ओपनर आर्यन गुप्त और कप्तान स्पर्श सिंह भामरा के अलावा मिडिल ऑर्डर में एकलव्य राजवाड़े, नैतिक चौधरी और ईशान चौधरी शामिल हैं। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी त्रिंबकेश्वर प्रताप सिंह और मानस सिंह संभालेंगे। गेंदबाजी आक्रमण में विवेक राजवाड़े, लक्षय साहू, नैमुल्लाह चिश्ती और सोहन सिंह बिसेन मीडियम पेस की कमान संभालेंगे। स्पिन विभाग में रुद्र प्रताप सिंह व ईशान सोनी ऑफ स्पिन, युग गोयल लेफ्ट-आर्म, जबकि निर्मल राय और संकल्प सिंघानिया लेग ब्रेक गेंदबाजी करेंगे। समर्थ अग्रवाल भी ऑफ स्पिन विकल्प के रूप में टीम में शामिल हैं। वहीं कोच के रूप में मुजाहिद खान टीम के साथ रहेंगे।



अवैध रूप से शराब बिक्री करते दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

अवैध रूप से शराब की बिक्री करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 9 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया है।

बता दे कि जिले में एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच रघुनाथ नगर पुलिस टीम द्वारा गिरवानी चौक के समीप वाहों की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान प्लेटिना बाइक क्रमांक सीजी 30 बी 7099 को रोककर बाइक चालक रघुनाथनगर पंडरी निवासी कतवारी राम कोरवा व पीछे बैठे खुंसी निवासी राज कुमार कोरवा की तलाशी ली।

इस दौरान आरोपियों के पास से अंग्रेजी दबंग गोल्ड का 9 लीटर शराब बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों से शराब जब्त करने के साथ ही धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया है।

बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

कुसमी। बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत



ग्राम नवडीहा निवासी बिंदु बुनकर 3 अक्टूबर को कुसमी साप्ताहिक बाजार गया हुआ था। इस दौरान उसकी हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 30 सी 8515 अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। युवक की शिकायत पर उलिस द्वारा बीएनएस की दहारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम गम्हारडीह निवासी 21 वर्षीय दस्तगीर अंसारी आ. मुरतुजा अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर झकमक नाला के समीप मक्के के खेत में छिपाकर रखे गए बाइक को बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बिहारपुर में 12 हाथियों ने मचाया उत्पात फसलों को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार तीसरे दिन भी जारी है। बीती रात 12 हाथियों के दल ने ग्राम महूली सहित आसपास के क्षेत्रों में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने खेतों में लगी धान की फसल को खाकर और रौंदकर चौपट कर दिया। घटना की जानकारी वन विभाग को दे दी गई है। विभाग ने नियमानुसार क्षतिपूर्ति दिलाने की बात कही है।

- धान पकने के समय किसानों की बढ़ी चिंता

वन विभाग के मुताबिक छह हाथी कोरिया जिले की ओर से बिहारपुर क्षेत्र में पहुंचे हैं, जबकि छह अन्य हाथी प्रतापपुर-रमकोला क्षेत्र की ओर से यहां आए हैं। बाद में दोनों दल एक साथ हो गए, जिससे क्षेत्र में 12 हाथियों का झुंड सक्रिय हो गया। एक हाथी के कई महीनों से झुंड से अलग रहने की भी जानकारी सामने आई है। वर्तमान में 12 जंगली हाथी परसा, महूली और रोहीना पहाड़ के जंगलों में डटे हुए हैं। वन विभाग के अनुसार शाम ढलने के बाद हाथियों के महूली, जुड़वनिया, कछवारी, करौटी, चोंगा, रामगढ़ और कोल्हुआ सहित आसपास के गांवों की ओर जाने की आशंका है। इसे देखते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने और हाथियों से दूरी बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बिहारपुर क्षेत्र में इन दिनों धान की फसल पककर तैयार होने की स्थिति में है। कई खेतों में धान पकने लगा है। ऐसे समय में हाथियों के पहुंचने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। पिछले तीन दिनों के दौरान हाथियों ने क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। महूली के किसान महावीर खेरवार की धान की फसल को नुकसान पहुंचने के बाद वन विभाग को सूचना दी गई है। विभाग ने क्षतिपूर्ति देने की बात कही है।

इस संबंध में बिहारपुर वन परिक्षेत्र के रेंजर मेवालाल पटेल ने बताया कि कोरिया जिले की ओर से छह तथा प्रतापपुर-रमकोला की ओर से छह हाथी पहुंचे हैं। दोनों दलों के एक साथ आने के बाद 12 हाथी क्षेत्र में सक्रिय हैं। फिलहाल हाथियों की मौजूदगी परसा, महूली और रोहीना पहाड़ के जंगलों में है। आसपास के गांवों में हाथियों के पहुंचने की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।



उदयपुर क्षेत्र में हाथी लगातार पहुंचा रहे फसलों को नुकसान

अंबिकापुर। सरगुजा के उदयपुर में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथी लगातार क्षेत्र में विचरण करने के साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। समय समय पर हाथियों के जंगल से निकलकर मुख्य सड़क पर आने हादसे का डर भी बना हुआ है। इस बीच हाथियों की मोजूदगी से रामनगर व आस पास के ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर है। बता दें कि जिले के उदयपुर क्षेत्र में वर्तमान में 26 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथी वर्तमान में रामनगर क्षेत्र में मौजूद है और किसानों की धान की फसलों को खाने के साथ ही नुकसान पहुंचा रहे है। हाथियों का दल दिन के समय कर्मकठरा जंगल में विचरण कर रहा है। हाथी जजगी से मतरिंगा मार्ग पर सड़कों पर घुमते हुए नजर आ रहे है। हाथियों की मौजूदगी और फसलों के नुकसान से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण अपनी फसल और जान माल की रक्षा के लिए रतजगा करने को मजबूर है। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने और सावधानी बरतने की सलाह दे रहा है। इसके साथ ही हाथियों से हुए नुकसान का आंकलन जारी है।

आपदा से बचाव की पाठशाला, विद्यार्थियों ने सीखे सुरक्षा के उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवनगर में अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन विभाग की टीम द्वारा आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने, आपदा के समय सतर्कता बरतने तथा स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभागीय टीम के सदस्यों द्वारा छात्र-छात्राओं को आगजनी सहित विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव के उपायों, सुरक्षा संबंधी सावधानियों तथा संकट के समय उचित निर्णय लेने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। इस दौरान आपात स्थिति में घबराने के बजाय सूझबूझ, सतर्कता एवं तत्परता से कार्य करने के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान सुरेश कुमार साहू, विकास कुमार शुक्ला, विद्यालय के प्राचार्य एसपी. निषाद सहित स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 15 एवं 16 को आकलन शिविर

बलरामपुर। जिले में 6 से 18 वर्ष आयु के विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आकलन एवं मूल्यांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन किया जाएगा। पहला शिविर 15 अक्टूबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डीपाडीह, शंकरगढ़ में राजपुर, शंकरगढ़ एवं कुसमी विकासखंड के बच्चों के लिए आयोजित होगा। दूसरा शिविर 16 अक्टूबर को जिला ग्रंथालय, बलरामपुर में बलरामपुर, रामचंद्रपुर एवं वाड्रफनगर विकासखंड के बच्चों के लिए लगाया जाएगा।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

प्रेमनगर क्षेत्र में ग्रामीण विकास कार्यों का जिपं सीईओ ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा जल संरक्षण एवं बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले ने जनपद पंचायत प्रेमनगर क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान परियोजना अधिकारी विकसित भारत जी-राम-जी भी उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया और कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

- पंजीकृत श्रमिकों को नियमित रोजगार उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत ब्रम्हपुर में गली प्लग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत केदारपुर में स्वीकृत बालिका शौचालय निर्माण तथा विभिन्न मिट्टी बांधों की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने बांधों से लाभान्वित किसानों से चर्चा कर सिंचाई सुविधा और कृषि उत्पादन के संबंध में भी जानकारी ली। ग्राम पंचायत बकिरमा में संचालित कंटूर ट्रेंच कार्य का निरीक्षण करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने निर्माण में निर्धारित मानकों और गुणवत्ता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े कार्यों का क्रियान्वयन प्राथमिकता के साथ करें ताकि ग्रामीणों और किसानों को उनका समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा समयबद्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिल पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत कार्यालय प्रेमनगर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा विभिन्न शाखाओं में नस्तियों का व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों-कर्मचारियों की आधार आधारित उपस्थिति की जानकारी लेते करते हुए समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने और दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जनपद सीईओ एवं कार्यक्रम अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक रोजगारोन्मुखी कार्यों की स्वीकृति के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंजीकृत श्रमिकों को नियमानुसार नियमित कार्य उपलब्ध कराएं जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आजीविका के अवसर बढ़ें और शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीण परिवारों तक पहुंच सके।





